CHAPTER-3

गिल्लू

QUESTION BANK

बहुविकल्पीय प्रश्न – (1 X 20 = 20)

1. गिल्लू सुराही पर क्यों लेट जाता था?
   a. गर्मीयो से बचने के लिए
   b. अन्य जीवों से बचने के लिए
   c. जल पीने के लिए
   d. मस्ती में आकर लेट जाता था

2. गिल्लू को कहाँ दफनाया गया?
   a. घर के बाहर
   b. सोनजुही की बेल की जड़ में
   c. बाहर उद्यान में
   d. आम के पेड़ के नीचे

3. सोनजुही की लता के नीचे गिल्लू को क्यों दफनाया गया?
   a. ताकि उसे शांति मिल सके
   b. ताकि वह महादेवी वर्मा जी की आँखों के सामने रह सके
   c. लेखिका को विश्वास था कि किसी वासंती के दिन वह जुही के पीले फूल के रूप में अवश्य खिलेगा
   d. ताकि उसकी खाद बन सके

4. सोनजुही की पीली कली देखकर लेखिका को किसका स्मरण हो आया?
   a. गिल्लू का
   b. नीलकंठ का
   c. हंस का
   d. जूही की कली का

5. कौआ समादरित प्राणी क्यों है?
   a. वह काँव-काँव करता है
   b. वह बहुत दुष्ट है
   c. वह बहुत चालाक है
   d. वह प्रियजनों के आने का संदेश देता है

6. कौए को अनादरित प्राणी क्यों कहा जाता है?
   a. कौआ कुछ भी खा लेता है
   b. कौआ बच्चों को परेशान करता है
   c. कौए की काँव-काँव को अवमानना के अर्थ में प्रयुक्त किया जाता है
   d. कौआ अतिथियों को बुला लेता है

7. गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया?
   a. घायल बच्चे के घावों को रक्त से पोंछा गया
   b. घावों पर पेंसिलिन का मरहम लगाया गया
   c. फिर उसको अस्पताल ले जाया गया
   d. 'क' और 'ख' कथन सत्य हैं

8. लेखिका के अस्वस्थ होने पर गिल्लू क्या भूमिका निभा रहा था?
   a. परिचारिका की भूमिका
   b. चिकित्सक की भूमिका
   c. मित्र की भूमिका
   d. घर के सम्मानित सदस्य की

9. गिलहरियों का जीवन कितना होता है?
   a. एक वर्ष
   b. दो वर्ष
   c. तीन वर्ष
   d. पाँच वर्ष

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

10. गिल्लू को कौन-सी लता सबसे अधिक प्रिय थी?
    a. बेले की लता
    b. चमेली की लता
    c. सोनजुही की लता
    d. करेले की लता

11. अपना प्रिय खाद्य न मिलने पर गिल्लू क्या करता था?
    a. खाने की अन्य चीजों को खाता था
    b. लेखिका की मेज पर आकर बैठ जाता था
    c. रुष्ट होकर बाहर चला जाता था
    d. खाने की चीज़ों को लेना बंद कर देता था या उन्हें झूले से नीचे फेंक देता था

12. जब लेखिका अपने कमरे में नहीं होती थी तब गिल्लू क्या करता था?
    a. एक पेड़ पर खूब मस्ती करता था
    b. कमरे के रोशनदान में जाकर बैठ जाता था
    c. खिड़की की खुली जाली द्वारा बाहर चला जाता था और दिन भर गिलहरियों के झुंड का नेता बनकर डाल पर उछलता कूदता रहता था
    d. फूलों की डलिया में छिपकर बैठ जाता था

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

13. गिल्लू का प्रिय खाद्य क्या था?
    a. अंगूर
    b. बादाम
    c. काजू
    d. किसमिस

14. भूख लगने पर गिल्लू कैसी आवाज निकालता था?
    a. चिक-चिक
    b. चूं-चूँ
    c. टें-टें
    d. कर्र-करी

15. गिल्लू कहाँ रहता था?
    a. एक पिंजरे में
    b. फूल रखने की डलिया में रूई के बिछोने पर
    c. घर के रोशनदान में
    d. पेड़ के ऊपर

16. पितर पक्ष में कौन-सा पक्षी हमारे पितरों के रूप में आता है?
    a. मयूर
    b. हंस
    c. गरुड
    d. कौआ

17. लेखिका ने काक भुशुंडि किसे कहा है?
    a. एक ऋषि को
    b. एक तोते को
    c. कौए को
    d. कोयल को

18. सोनजुही की हरी-हरी लताओं में कौन छुपकर बैठता था?
    a. गिल्लू नाम की गिलहरी
    b. खरगोश
    c. नीलकंठ नाम का मोर
    d. हरियल नाम का तोता

19. ‘गिल्लू’ पाठ के माध्यम से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?
    a. हमें कार्य परिश्रम से करना चाहिए
    b. हमें पशु-पक्षियों से प्रेम रखना चाहिए
    c. हमें पशु-पक्षियों से सावधान रहना चाहिए
    d. हमें आज का कार्य कल पर नहीं छोड़ना चाहिए।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

20. 'गिल्लू' संस्मरण किसके द्वारा लिखा गया है?

   a. धर्मवीर भारती
   b. मधुकर उपाध्याय
   c. श्रीराम शर्मा
   d. महादेवी वर्मा

लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर- **(3 X 7 = 21)**

प्रश्न 1. लेखिका को अकस्मात किस छोटे जीव का स्मरण हो आया और कैसे?
प्रश्न 2. कौए की काँव-काँव के बाद भी मनुष्य उसे कब आदर देता है और क्यों?
प्रश्न 3. कौए अपना सुलभ आहार कहाँ खोज रहे थे और कैसे?
प्रश्न 4. लेखिका की अनुपस्थिति में गिल्लू प्रकृति के सान्निध्य में अपना जीवन किस प्रकार बिताता था?
प्रश्न 5. गिल्लू का प्रिय खाद्य क्या था? इसे न पाने पर वह क्या करता था?
प्रश्न 6. लेखिका ने कैसे जाना कि गिल्लू उसकी अनुपस्थिति में दुखी था?
प्रश्न 7. भोजन के संबंध में लेखिका को अन्य पालतू जानवरों और गिल्लू में क्या अंतर नज़र आया?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्नोत्तर **(2 X 5 = 10)**

Changing your Tomorrow

प्रश्न 1. लेखिका ने लघु जीव की जान किस तरह बचाई? उसके इस कार्य से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?
प्रश्न 2. लेखिका को जीव-जंतुओं की संवेदनाओं की सूक्ष्म समझ थी। इसे स्पष्ट करते हुए बताइए कि आपको इनसे किन किन मूल्यों को अपनाने की सीख मिलती है?